# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने किया 'एक तिरंगा-एक पौधा'कार्यक्रम का आयोजन

By **Poonam Sagar** - August 14, 2023

300 0



**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** अग्रवाल महाविद्यालय में आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब, सतत विकास लक्ष्य(SDGs) व स्वच्छता सेनानी इकाइयों द्वारा एक अनोखे कार्यक्रम "एक तिरंगा, एक पौधा" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा यात्रा से की गई जिसे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जिसमें लगभग 150 स्वयंसेवकों ने भाग लिया तिरंगा यात्रा के दौरान बल्लभगढ़ शहर भारत माता की जय, वंदे मातरम व हरघर तिरंगा-घरघर तिरंगा के नारों से गूंज उठा। तिरंगा यात्रा के समापन के पश्चात प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्तागणों ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण को संरक्षण का संदेश दिया व स्वयंसेवकों को पौधे वितरित किये व कहा कि पौधारोपण तो महान कार्य है ही लेकिन इनकी देखभाल करना और भी महान कार्य है क्योंकि वृक्ष लगाकर भी किसी न किसी के प्राण बचाकर देशभक्ति कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भाषणों एवं कविताओं के माध्यम से पूरे माहौल को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। प्राचार्य डॉ॰ कृष्णकांत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें देश के 77 में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देश हित के लिए कुछ प्रण लेने चाहिए। प्राचार्य डॉ॰ कांत ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि तिरंगा यात्रा देशवासियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव व अपनेपन की भावना को जागृत करती है व जिन रणबांकुरों ने देश व तिरंगे के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया उन शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है, और अगर हम देश की सीमा पर जाकर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर नहीं कर सकते तो हम अपने कार्य स्थल पर ही सच्ची श्रद्धा से काम करके भी देशभक्ति का उदाहरण दे सकते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ प्रवक्तागण जैसे: डॉ॰ के.एल. कौशिक, डॉ॰ मनोज शुक्ला, यूथ रेड क्रॉस के कोर्डिनेटर डॉ॰ जयपाल सिंह, डॉ॰ रामचंद, स्वच्छता सेनानी की कन्वीनर डॉ॰ रितु, एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ॰ शोभना गोयल, डॉ॰ सुप्रिया ढांडा, आरआरसी की कन्वीनर डॉ॰ रेखा सैन, एनसीसी ऑफिसर डॉ॰ देवेंद्र, डॉ॰ पूजा सैनी, सुभाष, डॉ॰ विनेश कालरा व लवकेश आदि उपस्थित रहे।